# कागजी कार्रवाई में घिरे छोटे प्यादे, बड़े अभी महफूज !

## ग्रामीण के 2 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त, हरसूद में एफआईआर

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** प्रशासन ने हरसूद और पुनासा में दो छोटी फर्मों पर कार्रवाई करके अपनी पीठ भले ही थपथपा ली हो, लेकिन खाद की कालाबाजारी का यह सिंडिकेट पूरे जिले में सक्रिय है। क्षेत्र के सिंगोट, पंधाना, छैगांव माखन, मूंदी सहित खुद खंडवा शहर में ऐसे कई बड़े खाद-बीज विक्रेता हैं, जो किसानों के हक पर कुंडली मारकर बैठे हैं। इस कार्रवाई ने ई-विकास प्रणाली और प्रशासनिक दावों की हवा निकाल कर रख दी है। कालाबाजारियो द्वारा यूरिया-डीएपी की कृत्रिम किल्लत पैदा कर अन्नदाता को ऊंचे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है।





अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि कृषि विभाग और जिला प्रशासन का अमला इन छोटी मछलियों को जाल में फंसाकर असली सरगनाओं को कब तक बचाता रहेगा? क्या सिंगोट, पंधाना, छैगांव माखन और मूंदी सहित शहर के उन रसूखदार उर्वरक माफियाओं के गोदामों पर भी कभी छापेमारी की हिम्मत दिखाई जाएगी, जो प्रशासनिक सांठगांठ की आड़ में लंबे समय से अवैध भंडारण और ओवररेटिंग का धंधा धड़ल्ले से चमका रहे हैं? प्रशासन के इस कार्रवाई के तहत फिलहाल जिले में ई-विकास प्रणाली में सेंधमारी करने वाले दो उर्वरक विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर कृषि विभाग के दल ने छापामार कार्रवाई करते हुए नियम विरुद्ध खाद वितरण और कालाबाजारी के मामले में इन विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। वहीं, हरसूद थाने में एक विक्रेता के खिलाफ नामजद एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।कृषि विभाग के दल ने हरसूद ब्लॉक के फीलगुड चौराहा स्थित %इनफिनिटी एग्रो% का औचक निरीक्षण किया। भौतिक सत्यापन के दौरान ई-विकास पोर्टल पर यूरिया का 194.31 मीट्रिक टन और आईएफएमएस पोर्टल की मशीन में 172.26 मीट्रिक टन स्टॉक दर्ज होना पाया गया। इसके विपरीत, मौके पर यूरिया की एक भी बोरी नहीं मिली, जो अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से की गई कालाबाजारी को सीधे तौर पर प्रमाणित करता है। उप संचालक कृषि श्री नितेश कुमार यादव के निर्देश पर उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक गोरेलाल वास्कले ने फर्म संचालक आयुष पाण्डेय के खिलाफ हरसूद थाने में एफआईआर दर्ज कराई है कर फर्म का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।इसके अलावा कृषि विभाग के दल ने पुनासा विकासखंड में %राजपूत कृषि सेवा केंद्र% का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि संचालक द्वारा शासन की ई-विकास वितरण व्यवस्था का खुला उल्लंघन किया जा रहा था। विक्रेता ने किसानों को बिना ई-टोकन के केवल मशीन के माध्यम से 8.415 मीट्रिक टन यूरिया बांट दिया। उप संचालक कृषि ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस फर्म का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया है। उप संचालक कृषि यादव ने कहां की जिले में खाद वितरण को लेकर किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तीर गोफन खाएंगे, जंगल हम बचाएंगे

# वन विभाग की कार्रवाई के समर्थन में सड़कों पर उतरा कोरकू समाज



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जंगल है तो जीवन है और तीर गोफन खाएंगे, जंगल हम बचाएंगे के गगनभेदी नारों के साथ रविवार को खंडवा और बुरहानपुर जिले का कोरकू समाज सड़कों पर उतर आया। मौका था वनों को बचाने और वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को खुला समर्थन देने का। वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने और वनवासियों के पारंपरिक निस्तार अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर कोरकू समाज के हजारों नागरिकों व वन सुरक्षा समितियों के सदस्यों ने स्टेडियम ग्राउंड पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट श्री बजरंग बहादुर सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**अतिक्रमण से सिमट रहे जंगल, गहरा रहा अस्तित्व का संकट-** खालवा विकासखंड के ग्राम ताल्याधड़ निवासी धारासिंह ने चिंता जताते हुए कहा कि वन भूमि पर लगातार हो रहे अवैध कब्जों के कारण जंगलों का क्षेत्रफल तेजी से घट रहा है। इससे न केवल वन्यजीवों के रहवास नष्ट हो रहे हैं, बल्कि कोरकू समाज के पारंपरिक अधिकार भी छिन रहे हैं। यदि यही स्थिति रही, तो भविष्य में आदिवासी समाज के जीवन और प्राकृतिक संसाधनों पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। समाज के पन्नालाल, हजारी और अन्य वनवासियों ने स्पष्ट किया कि भिलायीखेड़ा सहित अन्य स्थानों पर वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण-रोधी कार्रवाई पर्यावरण और आदिवासी समाज के दीर्घकालीन हित में है, और इसका हम पूर्ण समर्थन करते हैं।

**जंगल सिर्फ जमीन नहीं, हमारी पहचान और आजीविका है-** वनवासी मानक लाल ने कहा कि कोरकू समाज की संस्कृति, परंपराएं और आजीविका सदियों से जंगलों पर ही आधारित रही हैं। जंगल हमारे लिए केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारी पहचान और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य हैं। हमारी दैनिक जरूरतें और आजीविका जलाऊ लकड़ी, महुआ, चिरौंजी, गोंद, तेंदूपत्ता और पशुओं के चारे जैसी वनोपज पर ही निर्भर है।

**ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष रखीं प्रमुख मांगें-** समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि खंडवा एवं बुरहानपुर जिले की समस्त वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की मुहिम बिना किसी दबाव के निरंतर जारी रहे। इसके अलावा, भिलायीखेड़ा सहित अतिक्रमण मुक्त कराई गई वन भूमि पर दोबारा कब्जे रोकने के लिए व्यापक पौधरोपण किया जाए तथा गश्त, चौकी, ट्रेंच और वॉच टॉवर जैसे स्थायी सुरक्षा उपाय किए जाएं। वनवासियों ने यह भी अनुरोध किया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों को पर्याप्त पुलिस बल और प्रशासनिक संरक्षण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, वन अमले पर हमला करने, शासकीय कार्य में बाधा डालने और वन अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# अगवा नाबालिग को किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले के मांधाता थाना क्षेत्र से अगवा की गई एक नाबालिग बालिका को पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस ने अपहरण और ज्यादती के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, एक फरियादी ने मांधाता थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति ग्राम डुकिया स्थित उसके दोस्त के घर से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। इसके बाद पीड़िता के बयानों के आधार पर प्रकरण में पॉक्सो एक्ट की धारा सहित अन्य धाराओं में केश दर्ज किया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित पिता सोमला अजनार (उम्र 19 साल), निवासी ग्राम पिपरी, थाना बागली, जिला देवास को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रभु श्रीराम के आदर्श हमारे प्रेरणास्रोत : विधायक तनवे

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैंसावा में शनिवार को भगवान श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए विधि-विधान के साथ भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कंचन मुकेश तनवे शामिल हुईं और उन्होंने शिलापूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक कंचन तनवे ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा, सेवा और लोककल्याण का संदेश हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

हमारा देश धर्म, संस्कृति, ऋषि-मुनियों की परंपरा और कृषि पर आधारित है। जब-जब देश पर विपदा और संकट आया है, तब-तब भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण जैसे महापुरुषों ने अवतार लेकर इस देश की रक्षा की है। वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हमारे देश, धर्म और संस्कृति के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आगे कहा कि भैंसावा में यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और जनभागीदारी का एक सशक्त केंद्र भी बनेगा। इससे हमारी युवा पीढ़ी का भी मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कामना की कि प्रभु श्रीराम की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में विधायक कंचन तनवे के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, धर्मेंद्र बजाज, अमर यादव, तपन डोंगरे और मंडल अध्यक्ष हरीश सेन विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा राजपाल चौहान, जमीन दानदाता कमल सिंह कलम, पप्पू जादम, रक्षा ज्ञान सिंह सावनेर, सरपंच प्रतिनिधि रायसिंह, सरपंच मंगत सिसोदिया, मुकेश पाल और सुनील झमरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने विधायक सहित सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।



भैंसावा में श्रीराम मंदिर जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन

# दादाजी मेले के भंडारे को प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** हिंदू उत्सव समिति की बैठक शनिवार को श्री गणेश गौशाला में विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों एवं भंडारा आयोजकों की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में आगामी गुरु पूर्णिमा पर आयोजित तीन दिवसीय दादाजी मेले के दौरान लगने वाले भंडारों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।




बैठक का मुख्य उद्देश्य मेले के भंडारों को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान करीब 40 समाजों के अध्यक्ष, सचिव एवं भंडारा समिति के आयोजकों ने भंडारों में प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। बैठक में कागज की प्लेट, दोने, खाखरा एवं केले के पत्तों से बने बर्तन सहित अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग का आह्वान किया गया। साथ ही डिस्पोजल विक्रेताओं से भी आग्रह किया गया कि वे अपनी दुकानों पर प्लास्टिक मुक्त सामग्री उपलब्ध कराएं, ताकि भंडारा आयोजकों को पर्यावरण हितैषी विकल्प आसानी से मिल सकें।

बैठक की अध्यक्षता हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहन काशीव ने की। प्रमुख वक्ता डॉ शक्तिसिंह राठौर रहे। बैठक में रामचंद्र मौर्य, अखिलेश गुप्ता, धर्मेन्द्र बजाज, गिरीश बजाज, महेश पांचाल, दिनेश चौकसे, विनायक राव दराड़े, अरुण सोनी सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संचालन विंटी राजपाल ने किया ।

# दुष्कर्म कर दी जान से मारने की धमकी, दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस एक्शन मोड में है। धनगांव और नर्मदा नगर थाना क्षेत्रों में ज्यादती की दो घटनाओं में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों दरिंदों को चंद घंटों में धरदबोचा। दोनों मामलों में आरोपियों ने दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी थी।



धनगांव क्षेत्र में 11 जुलाई को एक नाबालिग के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया। पीड़िता की रिपोर्ट के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले महिपाल पिता दशरथ भील निवासी कांकरिया ने घर में घुसकर ज्यादती की और धमकी दी। पुलिस ने बीएनएस व पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं, दूसरी घटना नर्मदा नगर थाने की पुनासा चौकी क्षेत्र की है। पीड़िता के अनुसार, मोहल्ले के शुभम ने दोपहर में उसे अपने घर ले जाकर इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी शुभम पिता प्रेमसिंह आश्वाने उम्र इक्कीस वर्ष निवासी भादलीखेड़ा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसे भी अदालत के आदेश पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

# डूबने से इंदौर के युवक की मौत

**ओंकारेश्वर।** तीर्थनगरी में में डूबने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार हो रहे हादसों के बीच कल अभय घाट पर एक और युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान इंदौर निवासी 25 वर्षीय निशित मालवीय के रूप में हुई है।

घटना ने एक बार फिर घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासनिक लापरवाही से श्रद्धालु अकाल मौत मार रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निशित मालवीय अपने दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर घूमने आया था। सुबह करीब 10꞉30 बजे आभय घाट पर नर्मदा नदी में स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची तथा कई घंटे तक तलाश अभियान चलाया। तलाशी अभियान में होमगार्ड सैनिक नागेंद्र शर्मा सुखड़िया, एसडीआरएफ के हरिराम और उदय स्थानिक गोताखोर अमन और बाबू केवट के सहयोग से शाम करीब 4 बजे युवक का शव नदी से बाहर निकाला। ओंकारेश्वर में पिछले कुछ समय से नर्मदा नदी में डूबने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

## डॉ . संतोष कुमार का शिवधारा सत्संग कल

**खंडवा।** शिवधारा आश्रम, अमरावती के संत डॉ. संतोष कुमार का नगर आगमन 14 जुलाई को होगा। उनके सान्निध्य में शिवधारा सत्संग का आयोजन मंगलवार शाम 6 से रात 9 बजे तक सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी सेवा मंडली बगीचा ग्राउंड में किया जाएगा। शिवधारा समिति के रवि गिदवानी एवं सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि सत्संग में संत डॉ. संतोष कुमार आध्यात्मिक प्रवचन देंगे। आयोजन समिति ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

# रेडीमेड वस्त्र विक्रेता संघ ने की साधारण सभा

**खंडवा।** रेडीमेड वस्त्र विक्रेता संघ खंडवा की साधारण सभा सिविल लाइंस स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुई। शुरुआत संघ अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव राकेश अरोरा और कोषाध्यक्ष विनोद चंचलानी ने की।



चेंबर प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि बैठक में नए सदस्यों का स्वागत किया गया तथा उनका परिचय हनी मेघवानी ने कराया। इस दौरान रेडीमेड वस्त्र व्यवसाय के समक्ष मौजूद चुनौतियों और खुदरा व्यापार की भावी स्थिति पर चर्चा हुई। अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने व्यापार से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं उनके संभावित समाधान पर अपने विचार रखे। बैठक में कोषाध्यक्ष विनोद चंचलानी ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। व्यापारियों द्वारा दिए गए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श के बाद कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। कार्यक्रम का संचालन भूपेश पचौरी ने किया तथा सचिव राकेश अरोरा ने आभार व्यक्त किया।

# तपन डोंगरे को मिली नई जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता तपन डोंगरे को जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण का सम्मान बताते हुए कहा कि तपन डोंगरे के अनुभव और ऊर्जावान नेतृत्व से जिले के युवाओं, उद्यमियों तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को नई दिशा और बेहतर अवसर मिलेंगे।



# वंदे मातरम् के साथ कांग्रेस का दो दिनी प्रशिक्षण शिविर शुरू

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का खंडवा एवं बुरहानपुर जिला कांग्रेस कमेटी का संयुक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को एक निजी होटल में वंदे मातरम् गान के साथ शुरू हुआ। शिविर में महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें दोनों जिलों के मंडलम अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष शामिल हुए।



जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण, चुनावी रणनीति, जनहित के मुद्दों तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व की बात को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। शिविर में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने मीडिया से चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक टिप्पणी करते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपनी पार्टी का पक्ष रखा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावों की तैयारी में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी, बुरहानपुर ग्रामीण अध्यक्ष रविंद्र महाजन, बुरहानपुर शहर अध्यक्ष रिंकू टॉक सहित पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह शेरा, रवि जोशी एवं कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सोमवार सुबह जागरण, ध्वज वंदन, बौद्धिक सत्र तथा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण के साथ प्रशिक्षण शिविर का समापन होगा।

# वेल्डिंग के दौरान टैंकर में ब्लास्ट, 500 मीटर तक उड़े परखच्चे, एक की मौत, कसरावद के मगरखेड़ी में हुए हादसे में दो अन्य घायल भी

**कसरावद।** मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम मगरखेड़ी में रविवार को एक टैंकर में वेल्डिंग के दौरान हुए भीषण ब्लास्ट से पूरा इलाका दहल उठा। धमाका इतना जोरदार था कि टैंकर के परखच्चे करीब 500 मीटर दूर तक जा गिरे। हादसे में बकरी चरा रहे एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि टैंकर चालक और वेल्डिंग करने वाला युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके से आसपास खड़ी एक कार तथा मकानों के कांच भी टूट गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टैंकर में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था, तभी अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। ब्लास्ट के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए।

हादसे में टैंकर चालक विनोद पिता श्रीराम (45), निवासी भैंसाचौबे, जिला बस्ती (उत्तर प्रदेश) और वेल्डिंग कर रहे नितेश पिता हरिनाथ (35), निवासी बिहार घायल हो गए। वहीं, टैंकर के उड़े हुए लोहे के टुकड़ों की चपेट में आकर भीम पिता भागीरथ रोकड़े (45), निवासी ग्राम मगरखेड़ी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल ठीकरी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।सूचना मिलते ही खलटाका पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, टैंकर के अंदर गैस बनने के कारण वेल्डिंग के दौरान यह विस्फोट हुआ।गौरतलब है कि घटना राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे उस स्थान पर हुई, जहां रविवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है। यदि यह धमाका चौराहे या भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में होता, तो जनहानि कहीं अधिक हो सकती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।